सड़क सुरक्षा व जागरूक क्लब

रिपोर्ट-2022-23

वर्ष 2022-23 में महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा व जागरूक क्लब का गठन किया है जिसमे दुर्घटनाओं से बचने के लिए महाविद्यालय की छात्राओ को ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी जाती है सड़क सुरक्षा अभियान के तहत आमजन को जागरूक किया जाता है, जिसमें छात्रों व शिक्षकों के द्वारा लोगों को सड़क सुरक्षा के बारे में विभिन्न जानकारियां दी जाएगी। सड़क पर चलते समय दुर्घटनाओं से बचने के लिए सड़क सुरक्षा के विषय में जानकारी होना बहुत जरूरी है।

क्लब सदस्य

सुश्री प्रीती बैरवा, प्रभारी
डॉ सरिता खंडेलवाल
डॉ ममता चौधरी

सड़क सुरक्षा व जागरूकता कार्यक्रम

दिनांक 19.09.2022 को जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा सड़क सुरक्षा व जागरूक क्लब, के तहत में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत रेली व नुक्कड़ नाटक का आयोजन   किया गया । जिसमे उपस्थित हरपाल जी, हेड कांस्टेबल ट्रैफिक व राजाराम गुर्जर, कांस्टेबल ट्रैफिक ने छात्राओ को ट्रैफिक सम्बन्धी नियमो के बारे में विस्तार से जानकारी दे कर जागरूक किया। उन्होंने बताया की कार ड्राइविंग के दौरान सीट बेल्ट जरूर पहनें. ऐसा करने से न केवल आप ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने से बचते हैं, बल्कि दुर्घटना की स्थिति में भी आपके सुरक्षित रहने की उम्मीद बढ़ जाती है। यदि आप सीट बेल्ट के बिना गाड़ी चलाते हुए पकड़े जाते हैं, तो ट्रैफिक पुलिस आपको मौके पर ही इस उल्लंघन के लिए जुर्माना लगा सकती है। बाइक या स्कूटर चलाते समय हेलमेट जरूर पहनना चाहिए। साथ ही ड्राइवर के साथ ही टू-व्हीलर पर बैठे दूसरे व्यक्ति को भी हेलमेट पहनना चाहिए। इसी दौरान छात्राओ ने रेली व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महाविद्यालय की छात्राओ को साचेत किया । प्राचार्य डॉ संजय भार्गव ने नुक्कड़ नाटक की प्रशंसा की व छात्राओ को ट्रैफिक नियमो का पालन करने के लिए प्रेरित किया । कार्यक्रम का आयोजन सुश्री प्रीती बैरवा प्रभारी, रा.से.यो. इकाई –प्रथम व Road safety and awareness club तथा डॉ सरिता खंडेलवाल प्रभारी, एन.सी.सी. आर्मी विंग के द्वारा किया गया।

20/09/2022

छात्राओं को ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी

संदेश न्यूज। कोटा. जेडीबी राजकीय कन्या महाविद्यालय एनएसएस इकाई प्रथम, एनसीसी आर्मी विंग तथा सड़क सुरक्षा व जागरूक क्लब के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत रैली व नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। ट्रैफिक हेड कांस्टेबल हरपाल, कांस्टेबल ट्रैफिक राजाराम गुर्जर ने छात्राओं को ट्रैफिक संबंधी नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया। उन्होंने बताया कि कार ड्राइविंग के दौरान सीट बेल्ट जरूर पहनें, ऐसा करने से न केवल आप ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने से बचते हैं बल्कि दुर्घटना की स्थिति में भी आपके सुरक्षित रहने की उम्मीद बढ़ जाती है। इस दौरान छात्राओं ने रैली व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महाविद्यालय की छात्राओं को सावचेत किया। प्राचार्य डॉ. संजय भार्गव ने आयोजन को सराहा।

दैनिक भास्कर कोटा 20-09-2022

नुक्कड़ नाटक कर किया जागरूक

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दी ट्रैफिक के नियमों की जानकारी दी।

कोटा | जेडीबी कॉलेज की एनएसएस इकाई प्रथम, एनसीसी आर्मी विंग तथा सड़क सुरक्षा व जागरूक क्लब की ओर से सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत रैली व नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. संजय भार्गव ने छात्राओं को ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। एनसीसी आर्मी विंग की प्रभारी डॉ. सरिता खंडेलवाल एवं प्रीती बैरवा ने कार्यक्रम का आयोजन किया।

छात्राओं को दी ट्रैफिक नियमों की जानकारी

नवज्योति/कोटा। जेडीबी साइंस कॉलेज में सोमवार को एनएसएस इकाई प्रथम, एनसीसी, आर्मी विंग, सड़क सुरक्षा व जागरूक क्लब के संयुक्त तत्वावधान में नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। यातायात हेड कांस्टेबल हरपाल सिंह व कांस्टेबल राजाराम गुर्जर ने छात्राओं ट्रैफिक नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया। उन्होंने बताया की कार ड्राइविंग के दौरान सीट बेल्ट जरूर पहनें। ऐसा करने से न केवल आप ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने से बचेंगे बल्कि दुर्घटना की स्थिति में सुरक्षित रहेंगे। दुपहिया वाहन चलाने के दौरान हेलमेट जरूर पहने। अपने लिए नहीं तो परिवार के लिए ही यातायात नियमों का पालन करें। वहीं, बाइक पर बैठे दूसरे व्यक्ति को भी हेलमेट पहनना चाहिए। इस दौरान छात्राओं ने रैली व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। प्राचार्य डॉ. संजय भार्गव ने छात्राओं से ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी प्रीती बैरवा, एनसीसी आर्मी विंग प्रभारी डॉ. सरिता खंडेलवाल ने आभार जताया।

प्राचार्य
ज. दे. ब. राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा